# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतरर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



# डेली करेंट अफ़ेयर्स

**21 मई 2024**

# "इंडिया एआई मिशन"

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,372 करोड़ रुपए के खर्च के साथ पांच साल के लिए "इंडिया AI मिशन" (India AI Mission) को मंजूरी दे दी है।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल (Piyush Goyal) ने बृहस्पतिवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक (Central Cabinet Meeting) के बाद यह जानकारी दी।
- वर्तमान में, इंडिया AI कंप्यूट कैपेसिटी (IAICC) के तहत AI कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि IAICC इंडिया AI मिशन का घटक है।

## इंडिया AI मिशन;-

- **उद्देश्य :** सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों एवं साझेदारियों के माध्यम से एक मजबूत AI इकोसिस्टम स्थापित करना।
- **कार्यान्वयन :** इसका कार्यान्वयन "इंडिया AI" द्वारा किया जा रहा है। यह डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन (DIC) के तहत स्वतंत्र व्यवसाय प्रभाग (IBD) है।
- **इसके घटक है :** इंडिया AI कंप्यूट कैपेसिटी, इंडिया AI इनोवेशन सेंटर, इंडिया AI डेटासेट प्लेटफॉर्म आदि



# भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री

- भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। वह कुवैत में छह जून को अपना आखिरी मैच खेलेंगे।
- सुनील छेत्री के संन्यास के बाद फीफा ने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया है जिसमें छेत्री की तुलना पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से की है।
- वर्तमान में गोल करने के मामले में सक्रिय खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोररों की सर्वकालिक सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## पुरस्कार एवं सम्मानः-

- ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) प्लेयर ऑफ द ईयर (7) : **वर्ष 2007, 2011, 2013, 2014, 2017, 2018-19, 2021-22**
- FPAI इंडियन प्लेयर ऑफ द ईयर (3) : **वर्ष 2009, 2018, 2019**
- SAFF चौंपियनशिप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट (4) : **वर्ष 2011, 2015, 2021, 2023**
- SAFF चौंपियनशिप टॉप स्कोरर (3) : **वर्ष 2011, 2021, 2023**
- फुटबॉल दिल्ली द्वारा फुटबॉल रत्न पुरस्कार (प्रथम प्राप्तकर्त्ता) : **2019**

## ट्रॉफी;-

- **AFC चौलेंज कप** : वर्ष 2008
- **SAFF चौंपियनशिप (4)** : वर्ष 2011, 2015, 2021, 2023
- **नेहरू कप (3)** : वर्ष 2007, 2009, 2012
- **इंटरकॉन्टिनेंटल कप (2)** : वर्ष 2018, 2023
- **त्रि-राष्ट्र शृंखला** : 2023

## राष्ट्रीय पुरस्कार;-

- **ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार** : वर्ष 2021
- **पद्म श्री** : वर्ष 2019
- **अर्जुन पुरस्कार** : वर्ष 2011



# विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (WESP) रिपोर्ट

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (UN DESA) ने '2024 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं' (World Economic Situation and Prospects as of mid-2024) नामक रिपोर्ट प्रकाशित की।

## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु; -


- रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9% रहने का अनुमान है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र (UN) ने जनवरी 2024 में उक्त अवधि के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया था।
- रिपोर्ट में वर्ष 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.6% की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की आर्थिक वृद्धि दर में बढ़त का अनुमान लगाया गया है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति वर्ष 2023 में 5.6 प्रतिशत से घटकर 2024 में 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।
- रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वर्ष 2024 में 5.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है।
- वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के 2.7% रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।



# समुद्री एनीमोन का विरंजन

- लक्षद्वीप समूह के समुद्री एनीमोन पर काम कर रहे आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (एनबीएफजीआर) के वैज्ञानिकों ने अगत्ती द्वीप पर बड़े पैमाने पर एनीमोन को ब्लीच करते हुए पाया है।

## अगत्ती द्वीप ;-




- कोच्चि (केरल) से 459 किमी. (248 समुद्री मील) की दूरी पर है और कावारत्ती द्वीप के पश्चिम में स्थित है।

## समुद्री एनीमोन विरंजन;-

- उस प्रक्रिया को संदर्भित करती है जिसमें समुद्री एनीमोन अपने जीवंत रंग खो देते हैं और सहजीवी प्रकाश संश्लेषक शैवाल के नुकसान के कारण श्वेत अथवा पीले हो जाते हैं।
- यह जल के बढ़ते तापमान, प्रदूषण अथवा महासागर रसायन विज्ञान में परिवर्तन जैसे पर्यावरणीय तनावों के कारण हो सकता है।
- विरंजन के कारण समुद्री एनीमोन अपनी ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत खो देते हैं, जिससे वे बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं जिस कारण उनकी मृत्यु दर में वृद्धि होती है।

## समुद्री एनीमोन :-

- एक जलीय जीव है जो अपने कोमल शरीर और डंक मारने की विशिष्ट क्षमता से पहचाने जाते है।
- वे निडारिया फाइलम परिवार का हिस्सा हैं और समुद्र के पानी में विशेषकर तटीय उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- वे प्रवाल और चट्टानों के करीबी सहयोगी हैं। वे क्लाउनफिश के साथ सहजीवी संबंध भी बनाते हैं, जो क्लाउनफिश के भोजन के बदले में उसे सुरक्षा प्रदान करते हैं।
- समुद्री एनीमोन बेंटिक पारिस्थितिक तंत्र (जल निकाय में सबसे निचला पारिस्थितिक क्षेत्र और आमतौर पर समुद्र तल पर तलछट शामिल) में महत्त्वपूर्ण जैव भू-रासायनिक भूमिका निभाते हैं।



# डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. डेडलाइन की ग्लोबल डिसरप्टर्स 2024 सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कौन बनीं हैं ?

(अ) प्रियंका चोपड़ा (ब) दीपिका पादुकोण
(स) आलिया भट्ट (द) एश्वर्या राय

उत्तर-दीपिका पादुकोण

2. हाल ही में किसने मंगल ग्रह भारत के दूसरे मिशन मंगलयान-2 की तैयारी शुरू की है ?

(अ) NASA (ब) ISRO
(स) CNSA (द) JAXA

उत्तर-ISRO

3. हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है ?

(अ) ईरान (ब) इराक
(स) सऊदी अरब (द) अजरबैजान

उत्तर-ईरान

4. हाल ही में IPL 2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड किसने बनाया है ?

(अ) चेन्नई सुपर किंग (ब) कोलकाता नाइट राइडर्स
(स) सनराइजर्स हैदराबाद (द) मुंबई इंडियन

उत्तर-सनराइजर्स हैदराबाद

5. हाल ही में लौरेंस वोंग ने किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है ?

(अ) सिंगापुर (ब) इंडोनेशिया
(स) स्कॉटलैंड (द) नीदरलैंड

उत्तर-सिंगापुर

6. भारत और किस देश के बीच अभ्यास तरकश का आयोजन कोलकाता में हुआ है?

(अ) जापान (ब) अमेरिका
(स) चीन (द) रूस

उत्तर-अमेरिका

7. हाल ही में किस देश ने ब्लू रेजीडेंसी वीजा लॉन्च किया है?

(अ) यूएई (ब) सऊदी अरब
(स) कतर (द) अजरबैजान

उत्तर-यूएई

8. फोर्ब्स के अनुसार सबसे अधिक कमाई वाले एथलीट कौन है?

(अ) विराट कोहली (ब) लियोनेल मेसी
(स) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (द) महेंद्र सिंह धोनी

उत्तर-क्रिस्टियानो रोनाल्डो

9. महिला फीफा वर्ल्ड कप 2027 की मेजबानी कौन करेगा?

(अ) भारत (ब) ब्राजील
(स) अर्जेंटीना (द) उरुग्वे

उत्तर-ब्राजील

10. एलोर्डा कप 2024 में निखत जरीन ने कौन सा मेडल जीता है?

(अ) गोल्ड मेडल (ब) सिल्वर मेडल
(स) ब्रॉन्ज मेडल (द) कोई नहीं

उत्तर-गोल्ड मेडल